**डिजी फेस्ट में स्टेप-टू-इनोवेशन** | मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने हैल्थ से लेकर सिक्योरिटी तक की 8 डिजिटल योजनाएं लॉन्च की

# राजडिजिटलस्थान : अंग्रेजी की बाध्यता से बाहर निकला ई-मेल, अब ई-मेल आईडी@राजस्थान.भारत

## प्रदेश के दूसरे डिजी फेस्ट का समापन : देशभर की 1800 प्रतिभाओं ने दिए इनोवेटिव आइडिया

सिटी रिपोर्टर | उदयपुर

अब ई-मेल का इस्तेमाल करने के लिए भाषा कभी भी रोड़ा नहीं बनेगी। प्रदेश में अब वरनेक्यूलर ई-मेल आईडी शुरू हो गई हैं। इसके तहत अब हिंदी भाषा में ई-मेल आईडी बनेगी और मेल का इस्तेमाल भी हिंदी में हो सकेगा। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रविवार को मोहनलाल सुखाड़िया विवि उदयपुर में हुए दूसरे डिजिफेस्ट में हिंदी ई-मेल आईडी की शुरूआत की। इसके तहत अब आईडी बनाने के लिए जीमेल या याहू जैसे डोमेन की भी जरूरत नहीं होगा। प्रदेश सरकार ने इसके लिए राजस्थान.भारत डोमेन भी तैयार कर लिया है। ऐसा करना वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है। वहीं ऐसा विश्व में पहली बार हो रहा है जब अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में आईडी तैयार की गई हो। इसके तहत सबसे पहली आइडी मुख्यमंत्री राजे की वसुंधरा@राजस्थान.भारत लॉन्च की गई। दूसरे डिजिफेस्ट - 2017 में मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने हिंदी ई-मेल आईडी सहित प्रदेश को कई डिजिटल सौगातें दी। डिजिटल युग में प्रदेश को सबसे बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने 8 डिजिटल योजनाएं लॉन्च करने के साथ उदयपुर के कई स्थानीय प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास किया। वहीं 24 घंटे चली हैकेथॉन के तीन विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए जयपुर और कोटा के बाद उदयपुर में भी इन्क्यूबेशन सेंटर आई-नेस्ट को शुरू करने की घोषणा की। कार्यक्रम में गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया, सलाहकार परिषद के सदस्य मोहनदास पाई, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव अखिल अरोड़ा, पंचायती राज राज्यमंत्री धनसिंह रावत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### देश का सबसे डिजिटल राज्य हो राजस्थान : मुख्यमंत्री राजे

दो दिवसीय डिजी फेस्ट में डिजिटल योजनाओं की लॉन्चिंग के बाद मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के दौर में राजस्थान देश का सबसे डिजिटल राज्य है। यहां एशिया का सबसे बेहतरीन नेटवर्क उपलब्ध कराने की तैयारी है। वहीं सीएम राजे ने बांसवाड़ा की तारीफ की और कहा कि अब बांसवाड़ा को पिछड़ा स्थान नहीं कह सकते। राजे ने कहा कि देशभर के कॉमन सर्विस सेंटर का 25 प्रतिशत राजस्थान में है। राजे ने कहा कि राजस्थान ने 300 केन्द्रों पर 300 डिजिटल सेवाओं से शुरूआत की थी जो अब 45000 केन्द्रों में 300 डिजिटल सेवाओं तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इस दौरान प्रमुख शासन सचिव अखिल अरोड़ा और हिंदी में आइडी बनाने वाले अजय डाटा सहित पूरी डिजिटल टीम की तारीफ की।

मंच पर मौजूद सीएम वसुंधरा राजे, गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया, मोहनदास पाई व अन्य।

- मुख्यमंत्री राजे और गृहमंत्री कटारिया को छोड़ मंच पर मौजूद सांसद, मंत्री और अधिकारियों ने जूते पहन कर ही दीप प्रज्वलित किया। जबकि राजे और कटारिया ने जूते खोले।
- प्रदेश की डिजिटल टीम से जुड़े विदेशी निक ब्रूनो ने ने जूता है जापानी गाना गाया और फिर भी दिल है राजस्थानी कहकर मुख्यमंत्री की तारीफ की।

प्रदर्शनी में कार एप की जानकारी देते।

- मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी देखी, रोबोट से बात की - मुख्यमंत्री ने समारोह के बाद लगाई गई प्रदर्शनी देखी और इस दौरान वहां मौजूद एक रोबोट से बात की। रोबोट से भामाशाह योजना के बारे में पूछा और रोबोट ने संक्षिप्त जानकारी दी।
- मुख्यमंत्री ने टीम बोधी, टीम सर्जन और टीम ड्रीम वॉलेट को क्यू-रेट कार्ड दिए गए, इन्हें अपने स्टार्टअप सही ढंग से चलाने के लिए ये कार्ड दिए गए।

### 10 हजार पंचायत और 5 हजार शहरों के लिए मुफ्त राजनेट

डिजिफेस्ट के साथ प्रदेशभर में राजनेट की शुरूआत हुई। इसके तहत प्रदेश की 10 हजार पंचायतों और 5 हजार शहरों में मुफ्त इंटरनेट दिया जाएगा। इसके तहत निशुल्क वाई-फाई स्थानीय लोगों को मिलेगी। उदयपुर में गिर्वा और बड़गांव ब्लॉक में यह सुविधाएं दी जाएंगी। उदयपुर में कलेक्ट्रेट, नगर निगम, एमबी अस्पताल सहित कई जगहों पर ये सुविधाएं शुरू भी कर दी हैं।

### पहली से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए ज्ञान-दर्पण पोर्टल

प्रदेशभर में पहली से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए ज्ञान-दर्पण पोर्टल और डिवाइस शुरू किया गया। इसके तहत हॉस्टल वार्डन और हॉस्टलों में पढ़ने वाले छात्रों को ज्ञान-दर्पण पोर्टल डिवाइस किट दिया गया। साथ ही छात्रों को टेबलेट भी दिए गए। इसके माध्यम से छात्र अपनी स्कूली पढ़ाई कर सकते हैं।

**उदयपुर में बनेगा इन्क्यूबेशन सेंटर, पहला आई-नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर जयपुर में शुरू :** जयपुर में टोंक रोड पर बने पहले इंक्यूबेशन सेंटर का मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। इसका नाम आई-नेस्ट इनक्यूबेटर रखा गया। वहीं मुख्यमंत्री ने उदयपुर में भी इनक्यूबेशन सेंटर खोलने की घोषणा की। इस सेंटर में 24 घंटे इंटरनेट और स्टार्टअप से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। जयपुर और कोटा के बाद तीसरा सेंटर उदयपुर में बनाया जाएगा।

### जयपुर, अजमेर और कोटा के बाद प्रदेश का चौथा कमांड सेंटर उदयपुर में

जयपुर, अजमेर और कोटा के बाद उदयपुर में प्रदेश का चौथा अभय कमांड सेंटर शुरू किया गया। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इसका उद्घाटन किया। इसके तहत उदयपुर में 1200 कैमरों से पूरे शहर की मॉनिटरिंग की जाएगी। वहीं किसी भी आपातकालीन स्थिति में शहरवासी पुलिस से सम्पर्क कर सकते हैं। पुलिस, फायर और हैल्थ से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी इस कमांड सेंटर के जरिए किया जा सकेगा।

**ई-मित्र प्लस कियोस्क एटीएम :** ई-मित्र प्लस कियोस्क एटीएम लॉन्च किया गया। इस कियोस्क पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, लाइव क्लासेज, वरनेक्यूलर की-बोर्ड, डेबिट-क्रेडिट और कैश पेमेंट और बायोमेट्रिक सुविधा मिलेगी। प्रदेशभर में 40 हजार केन्द्रों से स्थानीय लोग सीधे सरकार के अधिकारी और प्रतिनिधियों से सम्पर्क कर सकेंगे। इस मशीन से इस्तेमाल की जाने वाली प्रत्येक सुविधा के लिए लोगों को रसीद भी मिलेगी।

### ई-हैल्थ कार्ड : अब प्रदेश के हर आदमी का होगा हैल्थ रिकार्ड

ई-हैल्थ रिकॉर्ड कार्ड लॉन्च किया। इसके तहत प्रदेश में हर व्यक्ति का हैल्थ रिकॉर्ड अब ऑनलाइन होगा और उसका डाटा एक कार्ड में स्टोर होगा। किसी भी इमरजेंसी हालातों में इसका इस्तेमाल कर व्यक्ति को तुरंत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। पहला ई-हैल्थ कार्ड जरीना बेगम, ममता उमरानिया और सुरैया बानो को दिया गया।

**उदयपुर.** सुखाड़िया विश्वविद्यालय में दो दिवसीय डिजी फेस्ट के समापन समारोह में मौजूद लोग।

## टॉप 3 आइडिया

### पटना के भाई टैक टीम का वर्चुअल रिएलिटी एप हैकेथॉन के विनर

डिजिफेस्ट के दौरान पटना की भाई टैक टीम विजेता रही। टीम में वंश अरोड़ा और उत्कर्ष कुमार शामिल थे। इन्हें 15 लाख का पुरस्कार दिया गया। इन्होंने वर्चुअल टूरिज्म एप बनाया, इसके तहत किसी भी पर्यटन स्थल पर जाकर वहां की वर्चुअल रिएलिटी को देखा जा सकता है।

### उदयपुर के बोट लैब्स का क्रॉप डिजिज ट्रैकिंग एप फर्स्ट रनर अप

उदयपुर की बोट लैब्स टीम की फर्स्ट रनर अप रही, इनमें विवेक गांधी, रित्विक जोशी, भव्या दवे, वंश जोशी और यश कोठारी शामिल रहे, इन्हें 10 लाख का पुरस्कार दिया गया। इन्होंने ऑटोमेटेड सॉल्यूशन किसानों के लिए बनाया है, जो फसलों को क्या बीमारी है इसकी जानकारी देगा और तुरंत बता देगा कि इसका समाधान कैसा हो। इस टीम में तीन छात्र बांसवाड़ा, एक सिरोही और एक उदयपुर के छात्र हैं।

### महाराष्ट्र के वीआर गायज का 360 डिग्री पिक्चर एप सैकंड रनर अप

मुम्बई के वीआर गायज की टीम सैकंड रनर अप रही, इसमें शिवमसाय गुप्ता और अंचित जैन शामिल रहे, इन्हें 7.5 लाख का पुरस्कार दिया गया। इन्होंने 360 डिग्री फोटो एप बनाया है, इसके तहत जहां भी कोई समस्या हो इस एप के माध्यम से 360 डिग्री पर वहां की समस्या को देखकर उसका समाधान किया जा सकेगा।

### बेहतरीन काम करने वाले चार स्टार्ट-अप्स को क्यू-रेट कार्ड

इसके अतिरिक्त बेहतरीन काम करने वाले चार स्टार्ट-अप्स को क्यू-रेट कार्ड भी दिए गए। वहीं मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत शुरू की गई नई वैन का भी उद्घाटन किया। रोडिया टेक्नॉलाजी की अध्यक्ष अनुष्या अंसारी के साथ मिलकर प्रदेश सरकार ने सेट-टॉप बॉक्स के माध्यम से आम लोगों को सरकारी सुविधाएं पहुंचाने का करार किया। इसके तहत 10 हजार सेट टॉप बॉक्स बांटे जा रहे हैं जिनके माध्यम से लोग सरकारी सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे।